nt>

Title: Need to provide adequate funds to State Government of Uttar Pradesh for repair of Rajbah Canal at Mohammadpur in Uttar Pradesh for the benefit of sugarcane growers of the area.

श्री सोहनवीर सिंह (मुजफ्फरनगर): उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर एवम् हरिद्वार जनपद के अंतर्गत जो राजबाह (सब कैनाल) सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा चालू की गई है वह मोहम्मदपुर में टूट जाने के कारण बंद पड़ी हुई है, और कैनाल के मरम्मत न होने के कारण इस क्षेत्र के किसानों की गन्ने की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ा है और किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह जनपद मुजफ्फरनगर एवम् हरिद्वार के गन्ना किसानों की इस सिंचाई सुविधा को ठीक कर वाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करे तथा आवश्यक धनराशि निर्गत करें, ताकि किसानों की गन्ने की फसल का नुकसान न हो, शीघ्र ही राजबाह (सब कैनाल) की मरम्मत करवा कर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

____